# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 210 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 21 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## राजस्थान यूथ कांग्रेस की पूरी प्रदेश कार्यकारिणी भंग

### राष्ट्रीय नेतृत्व का बड़ा फैसला, संगठन में व्यापक बदलाव की तैयारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान की राजनीति में मंगलवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब राजस्थान यूथ कांग्रेस की पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया। इस फैसले के साथ ही प्रदेश महासचिव, सचिव सहित सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। लंबे समय से संगठन में निष्क्रियता, गुटबाजी और आंतरिक असंतोष की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है।

प्रदेश संगठन में बदलाव को लेकर चल रही अटकलों के बीच यह आदेश मंगलवार को यूथ कांग्रेस प्रभारी विकास छींकारा, सह-प्रभारी ज्ञानेश शुक्ला और कपिल देसाई के हस्ताक्षरों से जारी किया गया। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय शीर्ष नेतृत्व के निर्देश और संगठन



प्रतीकात्मक इमेज

की आंतरिक रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। रिपोर्ट में कई पदाधिकारियों के लंबे समय से निष्क्रिय रहने और अपेक्षित संगठनात्मक सक्रियता नहीं दिखाने की बात सामने आई थी।

सूत्रों के अनुसार, राजस्थान यूथ कांग्रेस की मौजूदा प्रदेश कार्यकारिणी में करीब 344 पदाधिकारी शामिल थे, जिनमें से अधिकांश धरना-प्रदर्शन, बैठकों और अभियानों में नियमित रूप से सक्रिय नहीं पाए गए। संगठन की गतिविधियों में कमजोर उपस्थिति को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

बताया गया है कि लगभग दो माह पहले संगठन ने 200 से अधिक पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। इनमें से कई पदाधिकारियों ने न तो संतोषजनक जवाब दिया और न ही संगठनात्मक गतिविधियों में सुधार दिखाया। इसके अलावा, गुटबाजी और धड़ेबंदी की शिकायतों ने भी संगठन की कार्यप्रणाली को कमजोर किया।

प्रदेश कार्यकारिणी भंग होने के बाद अब संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की तैयारी शुरू हो गई है। सूत्रों का कहना है कि आगामी चुनावी परिस्थितियों और संगठन की मजबूती को देखते हुए इस बार जमीनी, सक्रिय और निष्ठावान युवा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने पर जोर रहेगा।

आदेश में यह भी संकेत दिए गए हैं कि नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाएगा। फैसले के बाद संगठन में पदों के दावेदारों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक गलियारों में इस निर्णय को राजस्थान यूथ कांग्रेस में बड़े बदलाव और पुनर्गठन की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

## 1.08 करोड़ का दो कारों से 217 किलो से अधिक मादक पदार्थ बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडाना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 8 लाख रुपये कीमत का 217.550 किलो गांजा बरामद किया है। इस मामले में जोधपुर और पाली के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो दो कारों के जरिए मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे थे।

ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान चेकिंग के समय मुखबिर से सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग 52 से जुड़े कच्चे रास्ते पर सोनी फॉर्म के पास वन भूमि, मंडाना क्षेत्र में दो कारें संदिग्ध अवस्था में खड़ी हैं।

सूचना पर मंडाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहां मोबाइल टॉर्च की रोशनी में दो व्यक्ति दोनों कारों के बीच सामान की अदला-बदली करते दिखाई दिए, जिन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम भावेश सोनी (25) निवासी सूरसागर, जिला जोधपुर और इमरान खान (37) निवासी पाली बताए। तलाशी के दौरान एक कार से 22 पैकेट और दूसरी कार से 78 पैकेट गांजा मिला। इस प्रकार कुल 100 पैकेट, वजन 217.550 किलो अवैध गांजा जब्त किया गया।

दोनों कारों को जब्त कर लिया गया है। गांजा कहां से लाया गया और कहां सप्लाई किया जाना था, इस संबंध में आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।


## टोल बकाया रहा तो अटकेगा वाहन का कामकाज

### केंद्र सरकार ने सखत किए राष्ट्रीय राजमार्ग नियम, नए प्रावधान लागू

**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल शुल्क वसूली को और प्रभावी बनाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मोटर वाहन (द्वितीय संशोधन) नियम, 2026 को अधिसूचित करते हुए सरकार ने साफ कर दिया है कि अब टोल बकाया रहने पर वाहन से जुड़े कई अहम कार्य स्वतः रुक जाएंगे। इन नियमों का सीधा असर निजी और वाणिज्यिक दोनों तरह के वाहनों पर पड़ेगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यदि किसी वाहन पर टोल शुल्क बकाया है तो उसे अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी नहीं किया जाएगा। इसका मतलब यह हुआ कि वाहन का स्वामित्व हस्तांतरण संभव नहीं होगा और न ही उसे एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित किया जा सकेगा।




इसके अलावा, फिटनेस प्रमाणपत्र का नवीनीकरण भी तब तक नहीं होगा, जब तक टोल का बकाया चुकता नहीं किया जाता।

**वाणिज्यिक वाहनों पर अतिरिक्त शर्त**

नए नियमों के तहत वाणिज्यिक वाहनों के लिए राष्ट्रीय परमिट प्राप्त करना भी तभी संभव होगा, जब उनके नाम पर कोई टोल बकाया न हो। इससे लंबी दूरी के परिवहन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर पर भी सीधा असर पड़ेगा।

**एनओसी प्रक्रिया में बदलाव**

मंत्रालय ने बताया कि प्रपत्र-28 में भी संशोधन किया गया है। अब एनओसी के लिए आवेदन करते समय यह अनिवार्य होगा कि वाहन पर टोल बकाया है या नहीं,इसकी स्पष्ट जानकारी दी जाए। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के जरिए डिजिटल तरीके से पूरी की जा सकेगी।

**भविष्य की टोल व्यवस्था की तैयारी**

सरकार का कहना है कि इन बदलावों से टोल वसूली अधिक सुचारु होगी, खासकर तब जब देशभर में बहु-लेन मुक्त प्रवाह प्रणाली लागू की जाएगी, जिसमें वाहन बिना रुके टोल चुकाएंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2025 में इन नियमों का मसौदा जारी कर जनता से सुझाव मांगे गए थे। सभी सुझावों पर विचार के बाद अब नियमों को अंतिम रूप देकर लागू कर दिया गया है।सरकार के इस फैसले को टोल वसूली में पारदर्शिता और अनुशासन बढ़ाने की दिशा में फ्रंट-फुट कदम माना जा रहा है।

## गुटखा व्यापारी से 4 लाख की डकैती का सरगना गिरफ्तार


### स्कूटी सहित लूट का खुलासा, पूर्व सेल्समैन निकला मुख्य साजिशकर्ता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गुटखा व्यापारी से स्कूटी सहित करीब 4 लाख रुपये की डकैती के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पूर्व में पीड़ित व्यापारी की दुकान पर सेल्समैन के रूप में कार्य कर चुका था और चोरी पकड़ में आने पर उसे नौकरी से निकाल दिया गया था।

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर लूट, डकैती व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अज्ञात अपराधियों की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसके बाद थाना कोतवाली प्रभारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

गौरतलब है की नारायण दास सिंधी, निवासी शास्त्री नगर के साथ 12 जनवरी की रात करीब 10:40 बजे दुकान से स्कूटी पर घर लौटते समय घर के सामने 4-5 युवकों ने हमला कर स्कूटी व उसमें रखे 4 लाख रुपये छीन लिए। आरोपी दो मोटरसाइकिलों पर सवार थे और चेहरों पर कपड़ा बांधे हुए थे। इस संबंध में पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी ।




पुलिस ने मामले में पूर्व में काना उर्फ कन्हैयालाल, विक्रम उर्फ विक्की, राजू व किशन को गिरफ्तार कर पीसी रिमांड पर लिया। जांच के दौरान मुख्य साजिशकर्ता मोहित सिंह पिता अजयपाल सिंह राजपूत (21), निवासी ईंरास, सदर भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहले व्यापारी की दुकान पर काम कर चुका था, जिससे उसे रोजाना की नकदी स्कूटी से घर ले जाने की जानकारी थी। उसने फरवरी 2025 में भी इसी व्यापारी से लूट का असफल प्रयास किया था। बाद में बड़ी रकम का लालच देकर दोस्तों को साथ मिलाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों की पैदल परेड कराकर घटनास्थल की पहचान भी कराई। फिलहाल पुलिस मामले में जांच में जुटी है ।

## जहाजपुर में भीषण सड़क हादसा,दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, दो गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचंद पेसवानी ।** जहाजपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। स्वस्ति धाम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो भारी ट्रकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रकों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और केबिन में फंसे दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही जहाजपुर थाना पुलिस और एनएचएआई के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। कड़ी



मशक्कत के बाद घायलों को ट्रकों से बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस की सहायता से जहाजपुर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों चालकों की गंभीर हालत



को देखते हुए उन्हें भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों ट्रक चालक उत्तर प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस और एनएचएआई कर्मियों ने सुचारू कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है और तेज गति के कारण आए दिन हादसे होते हैं। उन्होंने प्रशासन से इस क्षेत्र में गति नियंत्रण और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस घायलों की पहचान और हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

## अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई, देसी पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी सुरेश चंद्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई

पुलिस ने बताया की 19 जनवरी की रात्रि में गश्त के दौरान हैड कांस्टेबल पांचूलाल व पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए महादेव पिता भूरा सुथार ( 45 वर्ष ) निवासी लाठियों का खेड़ा, शाहपुरा, के कब्जे से एक अवैध देसी पिस्टल बरामद की। आरोपी को मौके से



गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# सामाजिक कुप्रथाओं पर पुलिस की सख्ती

## झगड़ा-विवाद के नाम पर अवैध वसूली करने वाले 7 पंच-पटेल पाबंद







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

पुलिस ने समाज में वर्षों से चली आ रही अवैध सामाजिक कुप्रथाओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस थाना बनेड़ा एवं शंभूगढ़ द्वारा झगड़ा-विवाद जैसी कुप्रथाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए समाज के कुछ पंच-पटेलों को पाबंद किया गया है, जो निजी स्वार्थ के लिए सामाजिक दबाव बनाकर अवैध वसूली कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार, थाना शंभूगढ़ के थानाधिकारी ओमप्रकाश कासनिया एवं थाना बनेड़ा के थानाधिकारी बछराज के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि समाज में कुछ पंच-पटेल, लड़के-लड़की द्वारा आपसी सहमति से नाता-विवाह करने पर झगड़ा-विवाद के नाम पर लड़के के परिवार से मनमाने ढंग से लाखों रुपये की मांग करते थे। इस अवैध झगड़ा राशि में पंच-पटेलों का कमीशन भी शामिल रहता था। इसके चलते कई परिवार कर्ज में डूब गए, कुछ को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ी, जिससे समाज को आर्थिक व सामाजिक रूप से भारी नुकसान हुआ। ऐसी कुप्रथाओं के कारण समाज शिक्षा से भी वंचित होता जा रहा था। पुलिस ने झगड़ा-विवाद के नाम पर लोगों को परेशान करने वाले 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पाबंद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शांतिलाल, महावीर, धन्नालाल, रामस्वरूप, नारायण, धन्ना एवं नानूराम शामिल हैं, जो थाना बनेड़ा व शंभूगढ़ क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस प्रकार की सामाजिक कुप्रथाओं को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि वे झगड़ा-विवाद, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं से दूर रहें और समाज को शिक्षा, जागरूकता एवं सकारात्मक सोच की दिशा में आगे बढ़ाएं।

# सांसद अग्रवाल का चेन्नई में राजस्थान प्रवासियों ने किया स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

चेन्नई में संसद समिति की विशेष बैठक आयोजित हुई, जिसमें सांसद दामोदर अग्रवाल ने भाग लिया।
सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि बैठक के दौरान चेन्नई में रह रहे राजस्थान प्रवासियों द्वारा सांसद अग्रवाल का स्वागत-सत्कार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भीलवाड़ा जिले के निवासी भी उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानियों ने क्षेत्रीय मुद्दों पर संवाद किया तथा सांसद अग्रवाल के साथ विचार-विमर्श किया।

# अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलटा, चालक-खलासी घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**सांवर वैष्णव**

सवाईपुर के निकटवर्ती ढ़ेलाणा गांव के पास सोमवार रात्रि को एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में चालक व खलासी घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से चिकित्सालय पहुंचाया गया। सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। कांस्टेबल रवि कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 758 पर सोमवार रात भीलवाड़ा से मांडलगढ़ की ओर जा रहा ट्रेलर ढ़ेलाणा चौराहे पर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे में अशोक मीणा व राजू मीणा निवासी टिटोडा, पंडेर दोनों भाई घायल हो गए।
घायलों का चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# गौ रक्षक शहीद श्री मुरलीधर बोहरा गौशाला का छठा स्थापना दिवस मनाया

## सुंदरकांड पाठ, गौमाता को भोग व प्रसाद का हुआ वितरण



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** मंडोल बांध के पास स्थित गौ रक्षक शहीद श्री मुरलीधर बोहरा गौशाला का छठा स्थापना दिवस मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंडित कमलेश शर्मा के सानिध्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गौसेवकों ने सहभागिता की।
सुंदरकांड पाठ के पश्चात गौमाता को गुड़ का भोग अर्पित किया गया। साथ ही उपस्थित गौसेवकों को गुड़ व चने का प्रसाद वितरित किया गया।
कार्यक्रम के दौरान गौशाला संचालक रामफूल धाकड़ , मनोज शर्मा, निलेश सनाढ्य, अरुण शर्मा, टीकमचंद प्रजापत, मुकेश रेगर, महेश मेघवाल, उमेश शर्मा, रमेश गुर्जर, राधेश्याम धाकड़, गोविंद पाराशर, हरीश देवानी, अंकुर पांडेय, त्रिलोक पवार, आदित्य गौड़, लवकुश प्रजापत सहित अनेक गौसेवक मौजूद रहे।
स्थापना दिवस के अवसर पर वक्ताओं ने गौसेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज से गौ संरक्षण एवं सेवा कार्यों में अधिक से अधिक सहभागिता करने का आह्वान किया।

# न्याय आपके द्वार अभियान के तहत विधिक शिविर आयोजित

## लोक उपयोगिता सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी ।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार मंगलवार को न्याय आपके द्वार अभियान के अंतर्गत विधिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कस्बा स्थित सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल परिसर में संपन्न हुआ।
शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर, पीएलवी अंजली नायक, अधिवक्ता ब्रह्मप्रकाश तिवाड़ी, नरेश तवर एवं ओमप्रकाश धाकड़ ने सहभागिता कर आमजन को कानूनी जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।
कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से संस्थापक दिनेश वैष्णव, प्रधानाध्यापिका शीला वैष्णव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर में लगभग 200 बालक-बालिकाओं की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों एवं आमजन को विधिक अधिकारों, लोक उपयोगिता सेवाओं तथा विवादों के त्वरित निपटारे की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

# श्रीयादे माँ जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

## माँ विंध्यवासिनी शक्तिपीठ पर हुए धार्मिक आयोजन




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियाँ ।**

**रमेश गुर्जर।** ऊपरमाल प्रजापति नवयुवक मंडल संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को नगर में श्रीयादे माँ के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं महाप्रसादी का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माँ विंध्यवासिनी शक्तिपीठ परिसर में हुआ, जिसमें प्रजापति समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा सपरिवार शामिल हुए।
सुबह 8 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ मंदाकिनी मंदिर से किया गया। शोभायात्रा पंचायत चौक, सब्जी मंडी, पुलिस थाना के सामने से होते हुए बस स्टैंड मार्ग से गुजरती हुई माँ विंध्यवासिनी शक्तिपीठ पहुंची। इस दौरान समाजजन ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए, जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान शोभायात्रा में समाज के परपरांगत कार्यो को बताती हुई झाकियां भी शामिल रही । शक्तिपीठ परिसर में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# कोटा में दिनदहाड़े महिला से चेन स्नेचिंग, आंखों में मिर्ची डालकर बदमाश फरार



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित ।** महावीर नगर द्वितीय क्षेत्र में 63 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ दिनदहाड़े लूट की गंभीर वारदात सामने आई है। बेखौफ बदमाशों ने महिला चन्द्रमणि सोनी के घर पहुंचकर किराए का कमरा देखने का बहाना बनाया और मौका पाकर महिला की आंखों में मिर्ची डाल दी। इसके बाद बदमाश महिला के गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राखी गौतम मौके पर पहुंचीं और पीड़ित महिला से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद डिप्टी मनीष शर्मा को वारदात से अवगत कराते हुए आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की मांग की।
राखी गौतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में अपराधी पूरी तरह बेखौफ हो चुके हैं और दिनदहाड़े गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। सरकार का अपराधियों पर कोई अंकुश नहीं रह गया है। उन्होंने अपराधों पर नियंत्रण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की।
इस दौरान कांग्रेस महासचिव डॉ. विजय सोनी ने भी पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपराधियों में अब पुलिस का कोई भय नहीं रह गया है। राज्य सरकार भी अपराध रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

# करुणा पथ श्रद्धा से सेवा तक कार्यक्रम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जेएसजी भीलवाड़ा मेन एवं संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन के संयुक्त तत्वावधान में आर्मी पब्लिक सेकेंडरी विद्यालय में 'करुणा पथ श्रद्धा से सेवा तक' विषयक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना व नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा। अध्यक्ष पुष्पा राजेंद्र गोखरू ने बताया कि विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सेवा, करुणा और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया। समाजसेवी राजेंद्र गोखरू ने कहा कि श्रद्धा तभी सार्थक है जब वह सेवा का रूप ले। इस अवसर पर स्व. फूलचंद गोखरू को लोक सेवक अलंकरण से सम्मानित किया गया। मनीष बंब के अनुसार विद्यालय में ठंडे पेयजल हेतु वाटर कूलर भेंट किया गया तथा विद्यार्थियों को बिस्किट, केला व केक वितरित किए गए। प्रधानाचार्या यामिनी तिवारी ने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए प्रेरक बताया। सचिव विजय कुमार ने आभार व्यक्त किया, जबकि संचालन कमल माली ने किया। कार्यक्रम में महावीर मेहता, बलवीर डागलिया, पारस मेहता, सुनील मेहता, शरदचंद गोखरू, विजेंद्र गोखरू, महेन्द्र गोखरू, मनोज गोखरू, राजू डांगी, सोनल मेहता, मनीषा खजान्ची, अरुणा पोखरना, चेतना चपलोत, नीलम डागलिया, बसंतलता मेहता, देव कुमारी गोखरू, सुशीला गोखरू एवं रेनु गोखरू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## त्रिशला महिला मण्डल न्यू आज़ाद नगर के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न, अध्यक्ष बनी कमलेश देवी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




त्रिशला महिला मण्डल, स्वाध्याय भवन न्यू आज़ाद नगर की द्विवार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव बैठक स्वाध्याय भवन परिसर में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ नवकार महामंत्र के स्मरण के साथ किया गया।

सभा में मंत्री मंजु चौधरी ने विगत दो वर्षों में मण्डल द्वारा किए गए सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष तेजस बापना ने आय-व्यय का लेखा-जोखा सभा के समक्ष रखा, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। मनीष बंब ने बताया की निर्वाचन अधिकारी द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई , जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक पद पर मंजु देवी पोखरणा, अध्यक्ष कमलेश देवी चौधरी, उपाध्यक्ष ज्योति पोखरणा, संतोष देवी पगारिया, मंत्री मंजु देवी चौधरी, सहमंत्री सुनीता देवी बुरड़, कोषाध्यक्ष तेजस देवी बापना, शिक्षा मंत्री सीमा देवी पगारिया को नियुक्त किया गया।

सभा में उपस्थित सदस्याओं ने महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सेवा के कार्यों को और अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## लाल का खेड़ा में 15 बीघा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



बरोदा पंचायत के लाल का खेड़ा में मंगलवार को प्रशासन का सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर पिला पंजा चला । राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई पीएलएस परिवाद के आधार पर की। पूर्व में 13 जनवरी को पर्याप्त पुलिस जाब्ता उपलब्ध नहीं होने से ये कार्रवाई स्थगित रही थी। इसके बाद तहसीलदार रवि कुमार मीणा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान जहाजपुर, पंडेर, हनुमान नगर एवं शक्करगढ़ का जाब्ता तैनात रहा। पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की गई। इस दौरान नन्दसिंह राजपूत भू-अभिलेख निरीक्षक, शक्करगढ़, दिनेश कुमार पारीक भू-अभिलेख निरीक्षक, अमरगढ़, अन्नू शर्मा पटवारी, बरोदा, गोविन्द सिंह पटवारी, मनोहरपुरा एवं आदेश कुमार मीणा पटवारी, बांकरा मौजूद रहे ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# गौ तस्करी का 'सेफ कॉरिडोर' बनता शाहपुरा-केकड़ी-बिजयनगर मार्ग

## अलसुबह गायों से भरा कंटेनर पकड़ा, चालक फरार, तीन गौवंश मृत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

मूलचंद पेसवानी



शाहपुरा ,केकड़ी, बिजयनगर और जहाजपुर मार्ग पर गौ तस्करी के बढ़ते मामलों ने पुलिस व परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि कथित लापरवाही के चलते तस्कर बेखौफ होकर कंटेनरों में गौवंश ठूंस-ठूंस कर इस मार्ग से पार करा रहे हैं, जबकि कार्रवाई केवल औपचारिकताओं तक सीमित है। मंगलवार अलसुबह मुखबिर की सूचना पर सक्रिय गौसेवकों/गौरक्षकों ने शाहपुरा-केकड़ी रोड पर एक संदिग्ध कंटेनर का लंबी दूरी तक पीछा किया और माताजी खेड़ा ग्राम के पास उसे पकड़ लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर कंटेनर चालक व उसके साथी मौके से फरार हो गए।

**पुलिस पर देरी का आरोप**

गौरक्षकों का आरोप है कि समय रहते सूचना देने के बावजूद पुलिस मौके पर देर से पहुंची। इससे नाराज गौसेवक विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एडवोकेट कैलाश धाकड़ की अगुवाई में शाहपुरा थाना पहुंचे और लिखित रिपोर्ट सौंपी।

**60 से अधिक गौवंश, अमानवीय परिवहन**

मौके पर पहुंचे थानाधिकारी श्यामलाल ने बताया कि कंटेनर में बड़ी संख्या में गौवंश को अत्यंत अमानवीय तरीके से भरा गया था। प्रारंभिक जांच में पशु परिवहन नियमों के उल्लंघन के संकेत मिले हैं। कंटेनर में लगभग 60 गौवंश पाए गए, जिन्हें सुरक्षित गौशाला भिजवाया गया।

**तीन गौवंश मृत, आक्रोश**

एडवोकेट कैलाश धाकड़ ने बताया कि उतारते समय तीन गौवंश मृत पाए गए, जिससे गौरक्षकों व ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। शाहपुरा में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने पर गौवंश को बिजयनगर रोड स्थित सरसुंदा चौराहा की गौशाला में सुपुर्द किया गया।

**मध्यप्रदेश ले जाने की थी तैयारी**

गौरक्षक दल में ब्यावर, बदनोर, कैकड़ी, सरदारनगर व शाहपुरा क्षेत्र के गौसेवक शामिल थे। जानकारी के अनुसार, देर रात केकड़ी के कादेड़ा क्षेत्र से गौवंश कंटेनर में भरे गए थे और इन्हें मध्यप्रदेश ले जाने की योजना थी।

**सख्त धाराओं में केस की मांग**

गौरक्षकों ने स्वसंज्ञान लेकर गौ तस्करी, अवैध परिवहन, लापरवाही से वाहन चलाना तथा पीछा कर रहे वाहनों को टक्कर मारकर जान जोखिम में डालने जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही मार्ग पर नियमित नाकाबंदी, रात्रि गश्त और परिवहन विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई की मांग उठाई गई है।

# काशीपुरी वकील कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल में निर्विरोध चुनाव संपन्न

## चंद्रकांता बाहेती को सौंपी अध्यक्ष की कमान, मनोरमा कोठारी बनी सचिव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




नगर माहेश्वरी महिला संस्थान अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी के निर्देशन में काशीपुरी वकील कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव संपन्न हुए। सर्वसम्मति से चंद्रकांता बाहेती को अध्यक्ष और मनोरमा कोठारी को सचिव चुना गया। इस दौरान महिला संगठन की एकता और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया है। निर्वाचन की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में रीना डाड और विनीता तोषनीवाल का सानिध्य प्राप्त रहा। नई जिम्मेदारी संभालते ही नवनियुक्त अध्यक्षा चंद्रकांता बाहेती ने संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया। बाहेती ने कहा की निर्विरोध निर्वाचन की यह परंपरा न केवल समाज में एकता का संदेश देती है, बल्कि भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं के लिए एक मजबूत आधार भी तैयार करती है। उन्होंने अपनी टीम का विस्तार करते हुए कार्यसमिति में संध्या नुवाल को कोषाध्यक्ष और पुष्पा ईनानी को संगठन मंत्री के रूप में मनोनीत किया। इस पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान मंडल की सभी महिला सदस्यों का सक्रिय और सराहनीय सहयोग रहा।

# विद्यालयों में बाल विवाह रोकथाम को लेकर शपथ, 1000 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत चलाए जा रहे 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा विद्यालय स्तर पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। यह कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शांति निकेतन पब्लिक स्कूल, गुरुकुल विद्या मंदिर एवं रघुकुल पब्लिक स्कूल, सांगानेर में विद्यार्थियों को बाल विवाह की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया तथा बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत 100 दिनों तक निरंतर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, ताकि समाज को इस कुप्रथा से मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई की संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह, सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर एवं केस वर्कर शिवराज खटीक ने विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दी जा सकती है, जहां सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाता है। कार्यक्रम में महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल कैलाश चंद्र रैगर, शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल महावीर प्रसाद राका, गुरुकुल विद्या मंदिर की प्रिंसिपल रेखा टेलर तथा रघुकुल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह सहित लगभग 1000 विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# विराट हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

## 1 फरवरी को दादाबाड़ी में 1100 महिलाओं की कलश यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। सम्मेलन आगामी 1 फरवरी को भव्य रूप से आयोजित होगा। इसी क्रम में मंगलवार को दादाबाड़ी बस्ती में सर्व समाज बंधुओं द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन के तहत 1100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा श्री पंचमुखी दरबार से 1 फरवरी, रविवार सुबह 9:15 बजे प्रारंभ होकर बस्ती के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री बक्ता बाबा मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी।

बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष बंसीलाल खोईवाल (पटेल) की अध्यक्षता में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम सोलंकी, संरक्षक शिवलाल डीडवानिया नियुक्त किए गए।

तेली समाज के वरिष्ठ पंच रामसुख तेली, देवीलाल तेली, तेली महासभा युवा जिला अध्यक्ष प्यारेलाल तेली, सांवरमल तेली, श्यामलाल खींची, अंबालाल पटेल, हजारीलाल सोलंकी, रामपाल खोईवाल, पुरुषोत्तम पटेल, किशन अग्रवाल, समाजसेवी शिवलाल तेली, मुकेश कोली, कैलाश चंद्र पटेल, लक्ष्मी नारायण डीडवानिया, ज्ञानमल तेली, मथुरा लाल तेली, शोभालाल डीडवानिया, लादूलाल, श्यामलाल, बसंतीलाल पटेल, किशन खोईवाल, जसवंत कोली सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल एवं कोषाध्यक्ष ईश्वर पटेल बनाए गए।

महिला मंडल मातृशक्ति से रेखा डीडवानिया, आशा खोईवाल एवं आशा पटेल सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज बंधु बैठक में मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं श्री वीर बजरंग अखाड़ा द्वारा सोमवार रात महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर माँ विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वीर बजरंग अखाड़ा के वरदान नायक ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर उनके ससुराल बिजौलिया में न तो उनकी कोई प्रतिमा है और न ही कोई स्मारक।

विहिप के प्रखर मंत्री दीपक गौड़ ने कहा कि जिस महापुरुष ने अपना जीवन और पीढ़ियां देश व धर्म के लिए समर्पित कर दीं, आज उसी महापुरुष के ससुराल में कोई स्मारक या प्रतिमा नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप को केवल भाषणों तक सीमित कर दिया गया है, जबकि उनके आदर्शों को धरातल पर उतारने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का समापन महाराणा प्रताप अमर रहें एवं राष्ट्रवादी नारों के साथ किया गया। इस अवसर पर उमेश शर्मा, अरविंद लक्षकार, नितिन कोली, शिवम तंवर, सुमित राजपूत, युक्ति जोशी, डोली राजपूत, आर्यन सेन, रुद्र नायक, जिया सेन सहित अखाड़े के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा - भाजपाइयों ने की जमकर आतिशबाजी, मुंह मीठा कराया

## नितिन नवीन का निर्वाचन भाजपा के आंतरिक लोकतंत्र की विजय - मेवाड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारतीय जनता पार्टी के युवा और ओजस्वी नेता नितिन नवीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिला भाजपा संगठन ने हर्ष व्यक्त किया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर स्थानीय सूचना केंद्र पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं महापौर राकेश पाठक, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज के सान्निध्य में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नितिन नवीन जी की नियुक्ति इस बात का जीवंत प्रमाण है कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ वंशवाद नहीं पनपता। यह किसी एक परिवार की नहीं, बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां एक सामान्य परिवार से आने वाला, जमीन से जुड़ा कार्यकर्ता अपनी योग्यता, निष्ठा और परिश्रम के बल पर सर्वोच्च पद तक पहुँच सकता है।उन्होंने कहा कि यह पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र की जीत है और एक नए युग की शुरुआत है। मात्र 45 वर्ष की आयु में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का नेतृत्व संभालना नितिन नवीन जी के कुशल सांगठनिक कौशल और जमीनी कार्यकर्ताओं के प्रति शीर्ष नेतृत्व के भरोसे को दर्शाता है। उनके मार्गदर्शन में पार्टी न केवल संगठनात्मक रूप से मजबूत होगी बल्कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए भी एक सशक्त आधार तैयार करेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, कन्हैयालाल जाट, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, विशाल गुरुजी, सुरेंद्र सिंह मोटरास, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, पंकज मानसिंहका, अंकुर बोरदिया, शशांक बिड़ला, भूपेंद्र सिंह, अनिलसिंह जादौन, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, रागिनी गुप्ता, अजय नौलखा, महेंद्र नायक, भगवत सिंह खैराबाद, इमरान कायमखानी, ऋतुशेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, रमेश खोईवाल, मुकेश चेचाणी, विजय पोखरना, अनिल बल्दवा, अनिल जैन, मुकेश शर्मा देबू, सीपी जोशी, दीपक पाराशर सहित अनेक पदाधिकारी, पार्षदगण, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# शहीद हेमू कालानी की पूर्व संध्या पर दीपदान, आज रोगियों की सेवा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

अमर शहीद हेमू कालानी के 83वें बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार देर सायं रामनगर सिंधी कॉलोनी स्थित हेमू कालानी स्मारक पर भावपूर्ण दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के अध्यक्ष मोहन लखपतानी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर समाजजनों ने शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किए और उनके बलिदान को नमन किया। आयोजन में देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान बुधवार को सुबह 10 बजे स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी गई । इसके पश्चात जिला चिकित्सालय में रोगियों की सेवा करते हुए बिस्किट वितरण किया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि हेमू कालानी देश के ऐसे वीर सपूत थे जिन्होंने अत्यंत कम आयु में राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से शहीद हेमू कालानी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

दीपदान कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय, देश के शहीद अमर रहें, हेमू तेरा यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया।

इस अवसर पर सिंधी पंचायत के चेतन चंचलानी, मोहन केवलानी, अशोक थानवानी, मूलचन्द पेसवानी, पं. राजेंद्र शुक्ला, अनंत चौबे, सच्चिदानंद टेलर, सुमित पारीक सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।




# भीलवाड़ा टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट मेला आज से

## 21 से 26 जनवरी तक ग्रामीण हाट में 'हुनर का मेला'



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

वस्त्रनगरी की टेक्सटाइल पहचान को सशक्त करने और स्थानीय बुनकरों, हस्तशिल्पियों व एमएसएमई को मंच देने के उद्देश्य से भीलवाड़ा टेक्सटाइल एण्ड हैंडीक्राफ्ट मेला 2026 का आयोजन 21 से 26 जनवरी तक ग्रामीण हाट में किया जाएगा। मेले का उद्घाटन 21 जनवरी को शाम 4 बजे होगा।

जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक के.के. मीना ने बताया कि मेले में करीब 65 स्टॉल लगेंगी, जिनमें 14 स्टॉल 'एक जिला-एक उत्पाद' टेक्सटाइल से संबंधित होंगी। भीलवाड़ा सहित प्रदेशभर के उद्यमी, बुनकर, हस्तशिल्पी व स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री करेंगे।

मेले में टेक्सटाइल के साथ हस्तशिल्प, कालीन, रेडीमेड वस्त्र, लेदर उत्पाद, जूते-मोजड़ी, संगमरमर शिल्प, घरेलू सजावट, खाद्य व हर्बल उत्पाद, किड्स वियर, इलेक्ट्रॉनिक आइटम व ईवी व्हीकल उपलब्ध रहेंगे।

साथ ही रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग, क्विज, टॉक शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 26 जनवरी को मेले का समापन होगा।

# श्री यादे माता जन्म जयंती महोत्सव संपन्न

## त्रिवेणी संगम पर द्वितीय रक्तदान शिविर, 102 यूनिट रक्त संग्रह





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

प्रजापति समाज द्वारा श्रीयादे माता मंदिर, त्रिवेणी संगम पर यादे माता की जन्म जयंती महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर द्वितीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 102 यूनिट रक्तदान हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गोपाल प्रजापत ने की। शोभायात्रा श्री बाण माता गोवटा रानी से वाहन रैली के रूप में प्रारंभ होकर विभिन्न गांवों से होती हुई त्रिवेणी संगम पहुंची। वहीं कंकरोलिया घाटी देव नारायण मंदिर, नंदराय तथा बीगोद बालाजी चौक से भी अलग-अलग शोभायात्राएं निकलकर त्रिवेणी मंदिर परिसर में एकत्रित हुईं।

त्रिवेणी संगम पर महाआरती, श्रीयादे माता को छप्पन भोग अर्पण तथा महाप्रसादी वितरण किया गया। छप्पन भोग के पश्चात रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसके मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे। समिति के मीडिया प्रभारी शंभूलाल प्रजापत (काछेला) ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान में समाज के रक्तवीरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें दो महिलाओं ने भी रक्तदान किया।महोत्सव की संपूर्ण व्यवस्था नवयुवक मंडल के नेतृत्व में संपन्न हुई।

## QUICK BITES

# व्यावसायिक शिक्षा में कौशल प्रदर्शनी में राजेन्द्र मार्ग स्कूल ने फिर फहराया परचम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु आयोजित कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता के तहत पीएमश्री राउमावि माण्डल भीलवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में राजेन्द्र मार्ग स्कूल के विद्यार्थियों ने जीत का परचम लहराकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया हैं। प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गहलोत ने बताया कि जिला स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत आयोजित कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में छात्र दीपक वैष्णव ने सिक्यूरिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं छात्र आशुतोष छीपा ने रिटेल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कौशल प्रदर्शनी सिक्यूरिटी ट्रेड में दीपक वैष्णव ने लाईब्रेरी की सुरक्षा मॉडल का निर्माण किया तथा रिटेल ट्रेड में छात्र आशुतोष छीपा ने स्वदेशी मॉल का मॉडल बनाया। छात्रों ने यह मॉडल व्यावसायिक प्रशिक्षक आशीष सोनी (रिटेल) व हेमन्त पाटीदार (सिक्यूरिटी) के निर्देशन में बनाऐ। कौशल मित्र रेखा शर्मा, प्राध्यापक के मार्गदर्शन में लगभग 15 दिन से दोनो व्यावसायिक प्रशिक्षको एवं प्रतिभागी छात्रों की नियमित मेहनत, लगन व निष्ठा से यह मुकाम हासिल किया।

# आरकेआरसी माहेश्वरी महिला संगठन के चुनाव निर्विरोध संपन्न, पल्लवी लढ़ा अध्यक्ष, रंजना बिड़ला सचिव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




नगर माहेश्वरी महिला संस्थान अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी के निर्देशन में आरकेआरसी व्यास माहेश्वरी महिला संगठन के चुनाव निर्विरोध रूप में संपन्न हुए। डॉ. अध्यक्ष चेतना जागेटिया एवं सचिव मीनू झंवर के सानिध्य में आगामी नए सत्र हेतु अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री पदों के लिए मनोनयन प्रक्रिया स्थानीय भवन में संपन्न हुई। निर्वाचन अधिकारी गायत्री मूंदड़ा एवं मोना डाड के सहयोग से यह मनोनयन प्रक्रिया शांतिपूर्वक पूर्ण हुई। मनोनयन के उपरांत अध्यक्ष पद पर पल्लवी लढा, सचिव पद पर रंजना बिड़ला, कोषाध्यक्ष पद पर सुमित्रा दरगड एवं संगठन मंत्री पद पर आशा दरगड को निर्विरोध रूप से चयनित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्षा पल्लवी लढा ने बताया की संगठन का भविष्य अनुभव की मजबूत नींव और युवाओं की नई सोच के संतुलन से ही सशक्त बनेगा।

# भक्त प्रभु लाल की मनोकामना पूर्ण होने पर खाटू श्याम जी को चढ़ाया चांदी का मुकुट

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**



क्षेत्र के गुंदली ग्राम पंचायत निवासी श्रद्धालु प्रभु लाल वैष्णव ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर श्री खाटू श्याम मंदिर के पावन दरबार में चांदी का मुकुट अर्पित किया।

श्रद्धालु प्रभु लाल वैष्णव ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा से उनकी मनोकामना पूर्ण हुई, इसी आस्था और श्रद्धा के भाव से उन्होंने चांदी का मुकुट समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने खाटू श्याम जी के पुजारी शिवराज सिंह से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुकुट अर्पण के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। बाबा श्याम के जयकारों से दरबार गूंज उठा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# बोरखेड़ा में पवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता की शुरुआत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के गेगा का खेड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र के बोरखेड़ा गांव में पवन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित द्वितीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार को हुआ । उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रशासक शंकरलाल शर्मा रहे । विशिष्ट अतिथि युवा भाजपा नेता गोपाललाल सालवी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सत्तू सालवी, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष नंदराय दुर्गेश शर्मा, एनएसयूआई सचिव गगन पुरोहित, विरु बन्ना बोरखेड़ा, गजराज सिंह, दीपक वैष्णव, करण सिंह, हंसराज, राज सिंह, मथुरा प्रजापत, विक्रम सिंह, सवाईराम सेन, चंद्रभान सिंह, सुरेश गुर्जर, कुलदीप शर्मा, कन्नू गर्ग, अंकित गर्ग, रामराज गुर्जर, राजवीर सिंह आदि कई मौजूद रहे । प्रतियोगिता में उद्घाटन मैच सवाईपुर बनाम खान क्लब बीगोद के बीच खेला गया, जिसमें खान क्लब बीगोद विजय रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।